# राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

## –:प्रेस विज्ञप्ति:–

दिनांक:–07.01.2026

सहायक अभियोजन अधिकारी प्रतियोगी (मुख्य) परीक्षा, 2024 की उत्तर पुस्तिकाएं अभ्यर्थियों के अवलोकन हेतु आयोग की वेबसाइट पर अपलोड करने की कार्यवाही की जा रही है। जो अभ्यर्थी स्वयं की उत्तर पुस्तिकाओं का अवलोकन करना चाहते हैं, वे दिनांक 12.01.2026 से 27.01.2026 तक आयोग के पोर्टल पर निम्न लिंक पर क्लिक करें :–

https://rpsc.rajasthan.gov.in → Candidate Information → Exam Dashboard → APO (Main) Exam 2024 → Instruction/Links → Answer Booklet Apply/Download link

उक्त लिंक पर अभ्यर्थी स्वयं के आवेदन क्रमांक, रोल नंबर एवं जन्म दिनांक से OTP प्राप्त कर Login करने के पश्चात पेपर सलेक्ट कर उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त करने हेतु आवेदन करें।

जिन अभ्यर्थियों द्वारा उक्त अवधि में उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त करने हेतु आयोग के पोर्टल पर आवेदन किया जायेगा केवल उन्हीं की उत्तर पुस्तिकाएं आयोग के पोर्टल पर अपलोड की जायेंगी। दिनांक 05.02.2026 से 20.02.2026 तक आयोग के पोर्टल पर उक्त लिंक भुगतान हेतु एक्टिव होगा। अभ्यर्थी रूपये 50/- प्रति उत्तर पुस्तिका शुल्क का भुगतान कर स्वयं की उत्तर पुस्तिकाएं दि. 28.02.2026 तक डाउनलोड कर लें। दिनांक 28.02.2026 को रात्रि 12:00 बजे के पश्चात् उक्त परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं आयोग के पोर्टल से हटा दी जायेंगी।

**"अभ्यर्थी कृपया ध्यान दें कि उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त करने हेतु केवल आयोग के पोर्टल पर ही आवेदन किया जाना है, Online RTI पोर्टल पर आवेदन नहीं करें। अन्य किसी भी माध्यम से किया गया आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा।"**

**(रामनिवास मेहता)**
**सचिव**